सार-समाचार

ट्रैवल मार्ट में 26.5 हजार पैकेट कोटा नमकीन वितरित

कोटा, (निसं)। हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के दौरान कोटा की प्रसिद्ध नमकीन की गुणवत्ता एवं विशेषता को देशभर में प्रचारित करने के उद्देश्य से लगभग 26.5 हजार पैकेट नमकीन एवं चिप्स वितरित किए गए। यह पैकेट देश के 26 राज्यों से आए टूर ऑपरेटरों, यूट्यूबर्स, ट्रैवल कंपनियों के प्रतिनिधियों, ब्लॉगर्स एवं बाहर से आए वीआईपी अतिथियों को वितरित किए गए। कोटा नमकीन व्यापार समितियो के सदस्यों से यह पैकेट का वितरण किया गया। ट्रेवल मार्ट के अंतिम दिन रविवार को 17.5 नमकीन व एक हजार कोटा कचौरी का वितरण अतिथियों व कोटा के नागरिको को किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जगदीश गांधी, महामंत्री प्रमोद पुरस्वानी, कोषाध्यक्ष सुनील मित्तल तथा संस्थापक अध्यक्ष रामनाथ अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष जगदीश गांधी एवं महामंत्री प्रमोद पुरस्वानी ने बताया कि हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के माध्यम से कोटा नमकीन की खासियत और क्वालिटी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्रयास किया गया। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान कोटा के कड़के, कोटा मिक्सचर, भुजिया, मूंग दाल एवं लौंग सेव का स्वाद अतिथियों को चखाया गया, जिसे सभी ने काफी सराहा। महामंत्री प्रमोद पुरस्वानी ने बताया कि यह गतिविधि होटल फेडरेशन एवं कोटा व्यापार संघ के निमंत्रण पर की गई, जिसका उद्देश्य कोटा के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाना रहा।

विकास कार्यों की पुस्तिका का मुख्यमंत्री ने विमोचन किया

छबड़ा (निसं)। छबड़ा विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों के दौरान संपादित हुए अनेक जनोपयोगी एवं विकासोन्मुखी कार्यों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने छबड़ा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं से जुड़े विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य समावेशी, संतुलित एवं सतत विकास के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम में प्रताप सिंह सिंघवी विधायक छबड़ा, ललित मीणा विधायक किशनगंज, मोरपाल सुमन विधायक प्रत्याशी अंता, गणेश प्रधान सांगानेर तथा राजवीर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के शास्त्री कोसलेन्द्र दास द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।

निरामया प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में 311 मरीजों ने लाभ उठाया

कोटा, (निसं)। तीन दिवसीय निरामया प्राकृतिक चिकित्सा के दूसरे दिन रविवार को 311 मरीजों ने लाभ उठाया। सनाढय सामुदायिक भवन महावीर नगर प्रथम में सोमवार को शिविर का समापन किया जाएगा। आयोजक प्रकाशचंद गुप्ता ने बताया कि डॉ.विनीता केटकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर दूसरे दिन के शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में प्राकृतिक संसाधनों के द्वारा घुटने के दर्द, कमर दर्द, साइटिका तथा सर्वाइकल के दर्द का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ.विनीत केटकर, डॉ.गीता वेलशेखर, डॉ.मधुमिता बरुआ, डॉ.कनुमाला राजगोपाल, डॉ.पूजा, डॉ.राधिका जैन इंदौर ने चिकित्सा की। शिविर में सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति, सेठ जानकीलाल पटेल जनकल्याण सेवा ट्रस्ट, आयरन मैन जिम, सत्यार्थ मुनि, आर्य समाज महावीर नगर प्रथम का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट खैराबाद धाम के कोषाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र गुप्ता, डॉ.मृगेश गुप्ता, आरसी आर्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। अनंतपुरा पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 168.24 ग्राम गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि अनंतपुरा थाने की उप निरीक्षक संतोष चन्द्रावत मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रही थी। शहर एसपी ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को मुखबीर से अवैध मादक पदार्थ की सूचना मिली, मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार्यवाही करते हुए गोबरिया बावड़ी निवासी सोनू सिंह (35) को पकड़ा जिसके पास से तलाशी के दौरान अवैध मादक पदार्थ 168.24 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

अष्टम हाड़ौती गौरव सम्मान 2026 का आयोजन आज

कोटा, (निसं)। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में संभागीय मुख्यालय कोटा में 5 जनवरी को आयोजित होने जा रहे अष्टम हाड़ौती गौरव सम्मान 2026 में को डॉ.योगेश अग्रवाल सीनियर कंसल्टेंट न्यूरो, न्यूरो सर्जरी में उल्लेखनीय कार्य करने पर, मनोज मीणा सचिव कृषि उपज मंडी समिति कोटा को कृषक कल्याण एवं मंडी समिति द्वारा राजस्व अर्जन में उल्लेखनीय कार्य करने पर रचना शर्मा सहायक निदेशक एवं आकांक्षा शर्मा जनसंपर्क अधिकारी सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय कोटा को केंद्रीय एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार के माध्यम से युवाओं महिलाओं किसानों एवं वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने समेत चिकित्सा शिक्षा एवं सेवा कार्य करने वाले हाड़ौती संभाग की 125 प्रतिभाओं को हाड़ौती गौरव सम्मान से नवाजा जायेगा।

कल विभिन्न क्षेत्रों में जल सप्लाई बाधित रहेगी

रामगंजमंडी, (निसं)। परियोजना के राणाप्रताप सागर बांध स्थित जल स्त्रोत आम्बाकुई इन्टेक वेल से एकलिंगपुरा फ़िल्टर प्लांट में आ रही 700 एमएम एमएस पाईप लाईन में फ्लोमीटर लगाने व मेन्टिनेंस का कार्य किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बलभद्र शर्मा सहायक अभियंता (ग्रामीण) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग रामगंजमण्डी ने बताया कि पाइप लाइन का 05 जनवरी सोमवार को शट डाउन लेकर कार्य किया जाना है। इस कारण 06 जनवरी मंगलवार को उक्त पाईप लाईन से प्रात: को होने वाली जल सप्लाई रामगंजमंडी, सातलखेड़ी, खैराबाद व परियोजना के ग्रामीण क्षेत्र व रावली पम्प हाउस से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली जलापूर्ति बाधित रहेगी।

''ऑपरेशन सम्बल'' के तहत वृद्धजनों की सहायता की

छबड़ा (निसं)। एसपी अभिषेक अंदासु के निर्देशन में चलाए जा रहे ''ऑपरेशन सम्बल'' अभियान के तहत पाली के कांस्टेबल अनिल कुमार व भोमाराम ने अपने-अपने बीट क्षेत्र पाली व नगदी गांव मे सीनियर सीटीजन एकल वृद्रजनों से सम्पर्क कर उनका सम्बल के तहत जानकारी ली तथा उन्हें किसी समय सहायता के रुप में उपस्थित होने के लिए अपना नाम व मोबाइल नम्बर दिया गया है। वहीं तीन माताओं को उपहारस्वरूप साडी भेंट की गई।

अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर पुलिस टीम ने इलाके में कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे ऑपरेशन गरूड़व्यूह के तहत् कार्यवाही करते हुए संजय नगर निवासी साजिद हुसैन (33) को अवैध मादक पदार्थ 2.5 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

थर्मल पावर प्लांट मजदूर मौत मामला : यूनियन की मांगों पर सहमति, धरना समाप्त

छबड़ा (निसं)। सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट में मजदूर की मृत्यु के मामले में चल रहा धरना प्रदर्शन समझाइश उपरांत व प्लांट प्रशासन द्वारा कुछ मांगे मानने पर समाप्त हो गया है। इस अवसर पर एसडीएम, डीएसपी, बापचा थानाधिकारी व प्लांट के अधिकारी मौजूद थे।

यह था मामला:- शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक निजी कंपनी में कार्यरत मजदूर राजू मीणा की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। इसके बाद उसे छबड़ा उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया था। घटना के बाद मजदूर यूनियन ने मुआवजे सहित अन्य मांगों को लेकर प्लांट के मुख्य गेट पर धरना शुरू किया था।

मौके पर पहुंचे एसडीएम व डीएसपी:- रविवार को मौके पर पहुंचे एसडीएम रामसिंह गुर्जर, डीएसपी ताराचंद बंशीवाल, बापचा थानाधिकारी चंद्रभान सिंह एवं प्लांट प्रशासन की मौजूदगी में समझोता वार्ता आयोजित की गई, जिसमे प्लांट प्रशासन द्वारा मांगे मानने पर प्रदर्शन समाप्त कर दिया है।



मजदूर की मृत्यु के मामले में चल रहा धरना प्रदर्शन समझाइश उपरांत व प्लांट प्रशासन द्वारा कुछ मांगे मानने पर समाप्त हो गया है।

नेत्र शिविर में 130 रोगी लाभांवित

कोटा, (निसं)। स्व.मिथिलेश कुमारी यादव अध्यापिका, समाज सेविका एवं भामाशाह की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को अटवाल नगर 80 फीट रोड पुलिस लाइन कोटा पर नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ.राजेश सागर फिजिशियन एमबीएस अस्पताल कोटा ने बताया कि निशुल्क नेत्र शिविर में 130 मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया, 60 नेत्र रोगियों का उपचार किया गया और मोतियाबिंद के लिए रोगियों को चिन्हित किया गया, 55 मरिज कैटरेक्ट के पाए गए जिसमें से पांच ब्लड शुगर के कारण निरस्त कर दिए गए, कुल 55 मरीज का ऑपरेशन किया जाएगा बाकी जो मरीज से उनका किसी की आंखों की कमजोरी थी उनको चश्मा के नंबर दिए गए बाकी अन्य बीमारियों की सलाह देकर उन्हें नेत्र दिखाने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया।

दरा नेशनल हाईवे जंगल में माकूल बंदोबस्त में जुटी पुलिस

रामगंजमण्डी, (निसं)। वृताधिकारी रामगंजमण्डी के नेतृत्व में रविवार को कोटा ग्रामीण पुलिस दरा नेशनल हाईवे जंगल में माकूल बंदोबस्त के साथ यातायात एवं कानून व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के पूर्ण प्रयास में जुटी हुई दिखाई दी।

यातायात व कानून व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए घनश्याम मीना पुलिस उपाधीक्षक रामगंजमंडी ने मय पुलिस बल के जाकर भटवाड़ा रोड से रेलवे स्टील ब्रिज अबली मिणी के महल से दरा नाल तक यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन कराया। साथ ही लोगों से अपील की कि वह लाईन में धीरे-धीरे चलें व ओवरटेक करने से बचें तथा यातायात नियमों के तहत चलने की सलाह देते हुए आम लोगों से गुजारिश भी की कि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट पहने व वाहन चालक आगे वाले वाहनों से उचित दूरी बनाए रखें, ओवरटेक नहीं करें, संयम और धैर्य रखें, सीट बेल्ट लगाए रखें अर्थात यातायात के नियमों की पालना कर पुलिस का यातायात व कानून व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें।

- यातायात एवं कानून व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के पूर्ण प्रयास
- 'यातायात नियमों की पालना कर यातायात व कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें'

पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीना ने बताया कि गत रात्रि को करीब 2 से 3 घंटे जाम लगा था, जिससे आमजन परेशान हुए थे। व्यवस्था में सुधार हुआ है, दिक्कत जरूर आ रही है, पर पुलिस बड़ी मेहनत और मशक्कत के साथ यातायात व्यवस्था बनाए रखने में जुटी हुई है।

मीना ने व्यवस्था को लेकर कहा कि मेरा यह प्रयास है कि आमजन परेशान नहीं हो,यातायात व्यवस्था सुचारू चलती रहे तथा कानून व्यवस्था भी बनी रहे। जिससे किसी को भी जान-माल का नुकसान ना हो।

वाद-विवाद, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता तथा सड़क सुरक्षा पर विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन

भवानीमंडी, (निसं)। राजकीय बिड़ला महाविद्यालय भवानीमंडी में छह शिविर के दूसरे दिन हुई वाद-विवाद, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता तथा सड़क सुरक्षा पर विशेष कार्यशाला सम्पन्न हुई।

महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में वाद-विवाद,भाषण तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय सोशल मीडिया का सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव रहा। वाद विवाद तथा भाषण प्रतियोगिता में दीपक शर्मा, कुशाल गुप्ता, निकिता माली, निखिल गुप्ता, श्रद्धा तिलवाडिया, नेहा माली तथा पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा, पायल कंवर, देविका कुमारी, दिव्या, नेहा तथा निकिता आदि ने भाग लिया। निर्णायक सहायक आचार्य महेंद्र कुमार जीनगर रहे जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की।

द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी आयुष गुप्ता ने वीडियो के माध्यम से दुर्घटना से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मोनिका मीणा ने सभी विद्यार्थियों को सक्रिय एवं अनुशासित रहने तथा सोशल मीडिया के अधिक इस्तेमाल की जगह किताबों तथा खेलदृकूद से लगाव रखने की सलाह दी। कार्यक्रम की समाप्ति पर अल्पाहार के साथ एनएसएस शिविर के दूसरे दिन की कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

महासम्मेलन संपन्न

बूंदी (निसं)। रविवार सुबह बूंदी के समीपस्थ छत्रपुरा का वातावरण पूर्ण भक्ति भाव के साथ राम कृष्ण मय हो उठा, जब पूरे क्षेत्र में हरे रामा - हरे कृष्णा के उच्चारण के साथ भजनों की धुन पर नाचते गाते भक्तों की प्रभात फेरी गली मोहल्लों से होकर गुजरने लगी। मौका था, हरे राम हरे कृष्णा प्रभात फेरियों के महासम्मेलन का जो छत्रपुरा में आयोजित किया गया। इस महा सम्मेलन में अलग-अलग गांव से 42 प्रभात फेरी मंडलियों ने सहभागिता कर वातावरण को राम कृष्ण मय बना दिया। रविवार सुबह 9 बजे से ही हरे रामा हरे कृष्णा का स्वर वातावरण में गुंजायमान होने लगे।

सोने के आभूषण लेकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 17 सितम्बर 2025 को फरियादी ने कुन्हाड़ी थाने में रिपोर्ट दी।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि मथुराधीश मंदिर में दर्शन करके घर की ओर आते समय थर्मल चौराहे के समीप मोटरसाईकिल पर दो जने आये और अपने आपको पुलिस वाला बताकर कार्ड दिखाया और बातों में उलझाकर उसके पास से सोने की चैन व तीन अंगूठी व ब्रासलेट चेक करने के नाम पर लेकर रवाना हो गये। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले का खुलासा करने के लिये पुलिस उप अधीक्षक डॉक्टर पूनम के सुपरविजन में कुन्हाड़ी थाने की पुलिस निरीक्षक कौशल्या गालव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि फरार आरोपी पर 10 हजार के ईनामी राशि घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को भोपाल जेल से जरिये प्रोडेक्शन वारंट पर बापर्दा गिरफ्तार किया।

हाड़ौती को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने का संकल्प : बिरला

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को कोटा में आयोजित हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के समापन समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से आए ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों और पर्यटन विशेषज्ञों की सहभागिता यह दर्शाती है कि हाड़ौती की पर्यटन संभावनाओं को लेकर भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। हाल के दिनों में हुए संवाद और व्यापक सहभागिता ने इस ट्रैवल मार्ट को सार्थक और उद्देश्यपूर्ण बनाया है। बिरला ने कहा कि हाड़ौती क्षेत्र जल, जंगल, विरासत और संस्कृति का अद्भुत संगम है। चंबल सफारी, ऐतिहासिक किले, बावड़ियाँ, धार्मिक स्थल और प्राकृतिक सौंदर्य इसे विशेष पहचान देते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल घूमने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है। ट्रैवल मार्ट के दौरान हुई चर्चाओं के सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में दिखाई देंगे और देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हवाई, सड़क और रेल कनेक्टिविटी के सुदृढ़ होने से कोटा-हाड़ौती पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में उभरेगा। पर्यटन के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। जब हर शहर आगे बढ़ेगा, तभी देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का हाड़ौती से पुराना जुड़ाव रहा है।



कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के समापन समारोह को संबोधित किया।

डॉ. रोशनी मिश्रा रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 की जोन कॉ-ऑर्डिनेटर नियुक्त

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन की पूर्व अध्यक्ष रोटे. डॉ. रोशनी मिश्रा को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 में सत्र 2026-27 के लिए जोन कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 में सहायक प्रांतपाल के पद पर कार्यरत हैं।

रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन के क्लब लर्निंग फेलिसिटेटर रो. रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि डॉ.रोशनी मिश्रा रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन की एक सक्रिय एवं समर्पित सदस्य हैं। उनके निरंतर एवं उत्कृष्ट सेवा कार्यों को ध्यान में रखते हुए सत्र 2026-27 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे.अरुण बगड़िया ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। डॉ.रोशनी मिश्रा सत्र 2023-24 में रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन की अध्यक्ष रहीं। उनके नेतृत्व में क्लब को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ.निर्मल कुनावत द्वारा बेस्ट क्लब, बेस्ट प्रेसिडेंट सहित 40 से अधिक उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त हुए।

इस दौरान क्लब ने सेवा कार्यों में अनेक कीर्तिमान भी स्थापित किए। डॉ.रोशनी मिश्रा की जोन कॉ-ऑर्डिनेटर पद पर नियुक्ति पर क्लब एवं डिस्ट्रिक्ट के अनेक पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

जिसमें मुख्य रूप से पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. प्रधुमन कुमार पाटनी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो.अशोक कुमार मंगल, पूर्व डी.एस.जी.रोटे.आलोक अग्रवाल, डी.एस.जी. रोटे. संजय कौशिक, एड.सी. एस.जी. रोटे.नवल खंडेलवाल, रो.रामगोपाल अग्रवाल, जोन कॉ-ऑर्डिनेटर रो.सुरेंद्र अग्रवाल, रो. मुकेश गुरानी, सहायक प्रांतपाल इलेक्ट दीपक राज दुबे, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर रोटे.सुधीर जैन,रोटे. ओम प्रकाश सहानी, रोटे.डॉ. एम.एल.अग्रवाल, रोटे.डॉ.अरुणा अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, क्लब सचिव रोटे. डी.सी. जैन, क्लब उपाध्यक्ष रोटे. राजू गुप्ता, रोटे.अनुपमा अग्निहोत्री, रोटे.रवि अग्रवाल, रोटे. भुवनेश गुप्ता, रोटे. संजय मंगल, रोटे. हरगोविंद निर्भीक, रोटे. गिरिराज गोयल, रोटे.एम.पी. सिंह सहित क्लब के सभी सदस्यों शामिल रहे। इस अवसर पर रोटे. डॉ.रोशनी मिश्रा ने सभी सदस्यों एवं प्रांतपाल 2026-27 रोटे. अरुण बगड़िया के प्रति आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

नववर्ष पर गौवंश को छप्पन भोग लगाया

कोटा, (निसं)। जेसीआई कोटा स्टार द्वारा रविवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में कृष्णमुरारी गौशाला एसी वाले गणेशजी दादाबाड़ी में गौमाता को छप्पन भोग लगाया गया। संस्था के अध्यक्ष मनीष गुप्ता चेयरपर्सन दीप्ति गुप्ता ने बताया कि गौमाता को विभिन्न प्रकार की सब्जियां, व्यंजन, फल, गुड़, खल, दालें, नमकीन, बिस्किट, चारा का भोग लगाया गया। गायों की पूजा की गई। इस तरह अनूठा आयोजन किया गया। सचिव नीरज शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन सुनीता गोयल ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। सभी ने पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प किया। सुनीता गोयल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पॉलिथीन का उपयोग पूर्ण रूप से बंद करना हैं। पॉलिथीन का उपयोग करने से गौ माता की मौत हो रही है। उन्होंने बताया कि हम लोग पॉलीथिन का उपयोग कर उसे सड़क पर फेंक देते हैं। गौ माता पॉलिथीन को अपना भोजन समझ कर खा लेती है और वो तड़प-तड़प कर अपने प्राण त्याग देती हैं। इस कारण से हम ना चाहते हुए भी गौ माता की मौत का कारण बन रहे हैं। सह सचिव अमित जैन ने बताया कि इस आयोजन में सभी गौभक्त अपने-अपने घर से गायों के लिए विशेष प्रकार के व्यंजन बनाकर साथ में लेकर आए तथा भोग लगाया गया। गायों की पूजा की गई। इस तरह अनूठा आयोजन किया गया। कार्यक्रम निदेशक पवन रीना गुप्ता, विनोद सपना जैन, अभिषेक मोनिका शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अंशुल जैन, पूर्व चेयरपर्सन कल्पना चित्तौडा, सुनीता गोयल, दीप्ति गर्ग, पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल, संदीप बाकलीवाल, पवन चित्तौड़ा, विशाल रस्तोगी, रवि गर्ग, सौरभ जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

विशाल हिन्दू सम्मेलन एक फरवरी को

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तानाजी नगर प्रताप बस्ती पूनम कॉलोनी का हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी 2026 को लॉर्ड कृष्णा स्कूल सोगरिया में आयोजित किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं, इसी के तहत प्रताप बस्ती चौधरी भवन पर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदू सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिला शक्ति उपस्थित हुई। इस अवसर पर समिति में दायित्व की घोषणा की गई जिसमें संरक्षक तारा सिंह, देवानंद बैरवा को बनाया गया, जबकी अध्यक्ष शरद चौधरी को बनाया गया। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष अजय त्रिवेदी को नियुक्त किया गया। हिंदू सम्मेलन के दौरान क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा, साथ ही देशभक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, इसके साथ ही बौद्धिक और अन्य कार्यक्रम होंगे। बैठक में भीष्म चौहान, नागेन्द्र, निखिल सिंह, अतुल, सतीश मेहरा, सतेंद्र राय, विजय चतुर्वेदी, कुलदीप योगी, महावीर, अनिल शर्मा, संजय जितेंद्र, रामेश्वर चाहर, सपना त्रिपाठी, रश्मि शर्मा, सुनीता शर्मा, चमेली, मीरा अवस्थी, अलका सिंह, रामदुलारी आदि उपस्थित रहे।

पारंपरिक खेलों में महिलाओं ने दिखाया दम

कोटा, (निसं)। अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत महिला मंडल द्वारा रविवार को अग्रसेन सभागार, तलवंडी में आयोजित 'भूले-बिसरे खेल प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चम्मच दौड़, सतोलिया, गुल्ली-डंडा, क्रिकेट, कपल गेम, बेलून गेम जैसे बचपन की यादें ताजा कर देने वाले खेल शामिल किए गए। सभी खेलों के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। जिससे प्रतिस्पर्धा रोमांचक बन गई। संरक्षिका सावित्री गुप्ता ने कहा कि खेल मैदान में महिलाओं की मुस्कान, तालियों की गूंज और उत्साहपूर्ण माहौल ने पूरे सभागार को जीवंत कर दिया। प्रतिभागियों ने न केवल खेलों का आनंद लिया बल्कि टीम भावना और एकता का भी सुंदर संदेश दिया। इस अवसर पर सावीत्री गुप्ता, सुनीता गर्ग, सुषमा मित्तल, आशा मित्तल, मधु मित्तल, सुनीता मित्तल, मंजू मित्तल, ममता बंसल, कविता गर्ग, रानी गर्ग, रचना गुप्ता, सुनीता कोयल वाली, सुशील गर्ग, माया अग्रवाल, संगीता मोदी, सीमा गुप्ता रेखा गोयल, मीना मित्तल, गरीमा मित्तल, इंद्रा गोयल सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रही।

निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर कल

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा द्वारा मंगलवार को नि:शुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि बताया कि हवाई अड्डे के सामने झालावाड़ रोड स्थित लांयस क्लब भवन, कोटा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। मंगलवार 06 जनवरी को सुबह 10 से 01 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच व भर्ती की जाएगी। सचिव मुकेश विजयवर्गीय ने बताया कि 07 जनवरी को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएगें। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जिला अंधता निवारण समिति कोटा भी सहयोग रहेगा। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि शिविर में सभी मरीजों को आवास, भोजन, दवाईयां लेंस एवं चश्में की व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी। शिविर में आने वाले नेत्र चिकित्सा रोगी को आधार कार्ड, राशन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड की जेरोक्स कॉपी एवं दो फोटो साथ लाने होगे। शिविर में नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, मधुमेह, एक्यूप्रेशर की नि:शुल्क जांच भी होगी। शिविर मे डॉक्टर विशाल स्नेही अपनी सेवाये देंगे।

नववर्ष स्नेह मिलन समारोह संपन्न

कोटा, (निसं)। श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज दादाबाड़ी इकाई द्वारा नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम जैन जनउपयोगी भवन, आरोग्य नगर, कोटा में हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के लगभग 250 सदस्यों ने सहभागिता कर आपसी मेल-मिलाप किया। समाज के महामंत्री महेंद्र गोधा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से की गई। इसके पश्चात उन्होंने वर्षभर में समाज द्वारा किए गए धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आयोजन के अंतर्गत क्रिकेट मैच, बच्चों के खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज, महामंत्री पदम बडला, कार्याध्यक्ष जे.के.जैन तथा सकल दि.समाज के संरक्षक विमल नांता एवं राजमल पाटोदी उपस्थित रहे।

मोतियाबिंद से मुक्ति विषय पर सेमिनार

कोटा, (निसं)। अग्रवाल समाज सेवा संस्था कोटा द्वारा रविवार को मोतियाबिंद से मुक्ति विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ.संजय गुप्ता ने मोतियाबिंद के बनने, फेको सर्जरी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारी आंखें केवल फोटो खींचती है फिर वह हमारे दिमाग तक जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल एमएल अग्रवाल रहे स कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल जिला सम्मेलन के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंगल एवं सुभाष अग्रवाल निर्देशक घूंघट फैशन रहे। कार्यक्रम का संचालन मोनिका गोयल, शिप्रा अग्रवाल शिवम खुशबू गोयल ने किया। कार्यक्रम के निदेशक धीरज-सुचिता गोयल, अजय-प्रियंका मित्तल, अनुज-कृति गोयल, अजय गोयल सुनील गोयल एवं रोहन अग्रवाल रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के महामंत्री महेंद्र गुप्ता ने धन्यवाद व्यापित किया।

राजकीय कला महाविद्यालय कोटा से शुभम, विशाल, विष्णु, आशीष का चयन

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा से शुभम जोशी, विशाल राठौर, विष्णु गुर्जर ओर आशीष मेघवाल का चयन ऑल इंडिया बेसबॉल प्रतियो